तापमान

अधिकतम 38.8 डिग्री से.
न्यूनतम 23.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 11 जुलाई 2026



12 गदौली में पुल निर्माण व स्टोन पीचिंग के कार्य में कोताही ...





12 परिवार व समाज को जागरुक करने ...




## खबर संक्षेप

### बर्म तोड़ने और पेड़ उखाड़ने पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** एचएसवीपी द्वारा सड़क किनारे बनाए गए बर्म को तोड़ने और पेड़ उखाड़ने के आरोप में पुलिस ने सेक्टर-17 निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कार्रवाई एचएसवीपी के एस्टेट ऑफिसर की शिकायत पर की गई। बताया गया कि आरोपी ने सड़क किनारे बने बर्म को क्षतिग्रस्त कर वहां लगे वृक्ष भी उखाड़ दिए थे। मामले की शिकायत सीएम विंडो पर पहुंचने के बाद जांच के आदेश दिए गए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 303 और प्रिवेंशन ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट की धारा 3 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिश में बुजुर्ग पर हमला बाजू टूटी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** जठलाना थाना क्षेत्र के गांव फतेहगढ़ में पुरानी रंजिश के चलते एक बुजुर्ग पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मदनलाल, उसके बेटे रोहित और पंकज ने मिलकर जयराम पर हमला कर दिया, जिससे उसकी बाजू में फ्रेक्चर हो गया। घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। जयराम की शिकायत पर पुलिस ने जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पानीपत: किसान की करंट लगने से मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव कवि में शुक्रवार सुबह अपने खेतों में धान की फसल में पानी चलाने गए युवा किसान अनिल की ट्यूबवेल के स्टार्टर से करंट लगने के कारण मौत हो गई। अनिल अपने परिवार का एकमात्र सहारा था, जो अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ-साथ अपने स्वर्गीय बड़े भाई के परिवार का पालन पोषण कर रहा था। अनिल की मौत से उनके परिजनों का जहां रो रो कर बुरा हाल है।

### इसराना: राज मिस्त्री स्कूटी लेकर फरार

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना की विश्वकर्मा कॉलोनी में अजय मूल निवासी गांव बुआना लाखु के निर्माणाधीन मकान से स्कूटी, की-पैड फोन और 800 रुपये नकद चोरी हो गए। अजय का आरोप है कि मकान के निर्माण को पानीपत के संजय चौक के फट्टे से उनका मजदूर सतीश एक राज मिस्त्री को लाया था। वहीं, चोरी राज मिस्त्री ने की है। अजय की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अजय ने बताया वह फट्टे से आए राज मिस्त्री को नहीं जानता है।

### विदेश भेजने का झांसा देकर 6.26 लाख हड़पे

**यमुनानगर।** विदेश भेजने और रोजगार दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 6.26 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आनंद कॉलोनी पुराना हमीदा निवासी राकेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने कपिल कुमार, पत्नी प्रिया और हीना के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## कई जिलों में मानसून सक्रिय बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले दो दिन से जिले में लगातार रुक-रुककर हो रही बारिश लोगों के लिए आफत बन गई है। आलम यह है कि जिले के कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। किसानों के खेतों में पानी भरने से पछेती लगी धान को नुक्सान हो रहा है, वहीं, तेज बारिश से नीचले इलाकों व सड़कों पर पानी भरने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। आलम यह है कि कई स्थानों पर सड़कों पर दो से तीन फुट पानी भर गया है। जिससे लोग परेशान हो उठे हैं। दूसरे दिन भी अर्ध रात्रि से जिले में रुक-रुक कर मूसलाधार बारिश हो रही है। जिसकी वजह से सड़कों व नीचले इलाकों में कई-कई फुट पानी भरने से लोग परेशान हो गए हैं। लोगों को अपने गंतव्य तक सड़कों पर भरे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। मौसम विभाग की मानें तो अभी एक दो दिन और बारिश होने की उम्मीद है। दो दिन से लगातार बारिश जारी रहने से किसानों के खेतों में लबालब पानी भरने से अधिकांश स्थानों पर पछेती लगी धान की फसल पानी में डूब गई है। किसान बारिश के बीच पानी में डूबी धान को बचाने के लिए खेतों से पानी उतारने के लिए कड़ी मशक्त कर रहे हैं। मगर जैसे ही खेतों से पानी कम होता है दोबारा फिर से तेज बारिश होने से पानी भर जाता है।

- जिले में दो दिन से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

# बारिश से यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और इंद्री में जनजीवन प्रभावित, जलभराव और हादसों ने बढ़ाई परेशानी

*लगातार हो रही बारिश ने यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और इंद्री में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। यमुनानगर में जलभराव से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि कुरुक्षेत्र में दो लोगों की करंट से मौत हो गई।*



**यमुनानगर।** तेज बारिश से सड़कों पर भरे पानी के बीच से गुजरते लोग। फोटो : हरिभूमि

## हथिनीकुंड बैराज पर बढ़ा यमुना का जलस्तर, 10 गेट खोले, प्रशासन अलर्ट

**यमुनानगर।** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार बारिश के चलते शुक्रवार को हथिनीकुंड बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। बैराज पर पानी का डिस्चार्ज करीब 50 हजार क्यूसेक पहुंचने के बाद सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन अलर्ट हो गया। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बैराज के 10 गेट खोलकर अतिरिक्त पानी छोड़ा जा रहा है। प्रशासन ने यमुना किनारे बसे गांवों के लोगों को नदी के आसपास न जाने की सलाह दी है। वहीं, सोम और पथराला नदियां भी उफान पर हैं, जिससे कई क्षेत्रों में खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान की आशंका बढ़ गई है। सिंचाई विभाग ने कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर 24 घंटे निगरानी के निर्देश दिए हैं।



**यमुनानगर।** हथिनी कुंड बैराज के खोले गए गेट। फोटो : हरिभूमि

## ट्रांसफार्मर के तार में करंट आने से दो सगे भाइयों की मौत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र गांव धनतोड़ी में शुक्रवार को बरसात के दौरान ट्रांसफार्मर की तार में करंट आने से एक ही परिवार के 3 लोग इसकी चपेट में आ गए। तीनों को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें से 2 सगे भाइयों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी बिंदर राम पुत्र मनीराम सबसे पहले करंट की चपेट में आया। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण ट्रांसफार्मर की बिजली की तार में करंट फैल गया था। जैसे ही बिंदर राम इसकी चपेट में आया तो उसे बचाने के लिए उसका भाई नाथी राम दौड़ा। जैसे ही उन्होंने बिंदर राम को छुड़ाने की कोशिश की, वो भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों को तड़पता देख नाथी राम का 35 वर्षीय बेटा लाडी उन्हें बचाने के लिए आगे आया। उसने जैसे ही अपने पिता और ताऊ को छुड़ाने की कोशिश की, वह भी करंट की चपेट में आ गया। देखते ही देखते एक ही परिवार के 3 लोग बिजली के तेज करंट की चपेट में आ गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने शोर मचाया और बड़ी मुश्किल से तीनों को करंट से अलग किया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण उन्हें तुरंत क्षेत्र के अग्रवाल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां 2 की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि तीसरे की हालत भी गंभीर बनी हुई है। हादसे की खबर फैलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान बिजली के तार और ट्रांसफार्मर के आसपास विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, बारिश की वजह से ट्रांसफार्मर की तार में करंट फैलने के कारण यह हादसा हुआ।

## मारकंडा उफान पर, गदौली में काम कर रहे 17 लोग फंसे, 5 युवकों ने बचाई जान

- एसडीएम समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे, एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया, ग्रामीणों को नदियों से दूर रहने का किया आग्रह

**अंबाला।** गांव गदौली के पास मारकंडा नदी में अचानक तेज उफान आने से खेतों में ट्यूबवेल ठीक करने गए 4 ग्रामीणों सहित कुल 17 लोग फंस गए। बहाव इतना तेज था कि लोग बाहर ही नहीं निकल पाए। मामले की सूचना मिलते ही एसडीएम नारायणगढ़, सिंचाई विभाग की एसडीओ शिखा बंसल, स्थानीय पुलिस, फायर ब्रिगेड और सरपंच पति हरदीप सिंह मौके पर पहुंचे और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने सूझबूझ से 13 ग्रामीणों को पानी के तेज बहाव से बाहर निकाला। उफनते पानी में फंसे अन्य 4 ग्रामीणों को गांव के ही 5 युवकों (रोशन, आलमगीर, कुरशैद, सलमान और इकबाल) ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। एसडीएम ने युवाओं की बहादुरी की तारीफ की और मानसून के मौसम में ग्रामीणों से नदी के नजदीक न जाने व सावधानी बरतने की सख्त अपील की है।

### रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव

उधर, रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव उधर जिले में रुक रुककर हो रही बरसात की वजह से रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो गया। ट्विन सिटी की मुख्य सड़कें भी जलमग्न हो गई। इसकी वजह से लोगों को बेहद दिक्कतें हुई। हालांकि नगर निगम व नगर परिषद की ओर से उन कॉलोनियों से पानी निकासी की कार्रवाई शुरू कर दी थी जिसमें जलभराव हो गया था। दोपहर बाद तापमान बढ़ने से पानी का जलस्तर नीचे चला गया था। हालांकि शाम को भी बादल गड़गड़ानेके बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई। बरसात की वजह से प्रशासन की ओर से भी अधिकारियों को अलर्ट पर रखा गया है।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट की हत्या मामले में कोर्ट का फैसला

## ब्लाइंड मर्डर केस सुलझा रूममेट को उम्रकैद की सजा

- दोषी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शाहाबाद में मिले युवक के शव से शुरू हुई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी आखिरकार सुलझ गई। नौकरी की तलाश में महाराष्ट्र से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट सागर की हत्या के मामले में कोर्ट ने उसके रूममेट विक्टर जोन मैनटैरियो उर्फ सोनू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। मामला 4 अप्रैल 2023 का है, जब रतनगढ़ निवासी एक व्यक्ति को निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास युवक का शव मिला था। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### बर्गर खाने की आदत ने सुलझाई गुत्थी

इधर, सागर के पिता मनीष कुमावत अपने बेटे की तलाश में लगे हुए थे। सागर का मोबाइल लंबे समय से बंद आ रहा था। उन्होंने उसी नंबर को मोबाइल कंपनी से दोबारा जारी करवाया और इस्तेमाल करना शुरू किया। कुछ समय बाद शाहाबाद से उनके पास कॉल आई। कॉलर ने कहा कि वह सागर को जानता था। उसने सागर के कुछ पैसे देने हैं, क्योंकि वह उसके यहां बर्गर खाने आता था। यह फोन कॉल पूरे मामले का पहला बड़ा सुराग बना। पिता को अनहोनी की आशंका हुई। वह शाहाबाद पहुंचे और पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने अपने बेटे की फोटो और उसके कपड़ों से शव की पहचान सागर के रूप में कर दी। हालांकि शव का पहले ही अंतिम संस्कार हो चुका था।

### कॉल डिटेल ने खोला हत्या का राज

सीआईए-2 की जांच में चार्टर्ड अकाउंटेंट सागर हत्याकांड का खुलासा हुआ। पुलिस ने सागर के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली तो सामने आया कि उसकी सबसे ज्यादा बातचीत रूममेट विक्टर जोन मैनटैरियो उर्फ सोनू से होती थी। सागर के पिता और भाई ने भी आरोपी पर शक जताया था। पुलिस ने 16 मई 2023 को चंडीगढ़ से आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने पैसे के विवाद में सागर की हत्या करना कबूल किया। सागर के पिता ने आरोपी के लिए फांसी की सजा की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास और 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। फांसी की सजा मांगी थी। कोर्ट ने आरोपी सोनू को विभिन्न धाराओं के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।




**अंबाला।** जुआ खेलते काबू किए गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### दो छापों में जुए के 12 आरोपी पकड़े 2.17 लाख बरामद

- सीआईए-2 और छावनी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**अंबाला।** पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 17 हजार 390 रुपये की जुआ राशि बरामद की है। सीआईए-2 की टीम ने अंबाला छावनी क्षेत्र में छापेमारी कर 10 आरोपियों को पकड़ा और उनके पास से 1 लाख 78 हजार 390 रुपये बरामद किए। वहीं, थाना अंबाला छावनी पुलिस ने 12 क्रॉस रोड के पास कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 39 हजार रुपये बरामद किए। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## दरगाह के सेवादार ने पुजारी की टांग तोड़ी गले में गमछा डालकर सड़क पर घसीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में दरगाह के सेवादार ने एक पुजारी के साथ जमकर मारपीट की। अपने एक साथी के साथ मिलकर पुजारी की टांग तोड़ दी। इसके बाद गांव की सड़क पर पुजारी के गले में परना (गमछा) डालकर घसीटा। रास्ते में पुजारी के घसीटने के निशान भी बन गए। इसके बाद आरोपियों ने पुजारी को गली के चौराहे पर छोड़कर फरार हो गए। पुजारी करीब 2 घंटे तक चौराहे पर ही तड़पते रहे। सुबह खून के निशान देखकर ग्रामीण सड़क पर पड़े पुजारी तक पहुंचे। गंभीर हालत में पुजारी को एलएनजेपी में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पुजारी की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। थाना सदर थानेसर के एसएचओ रणधीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी पंकज और उसकी पत्नी मनप्रीत को गिरफ्तार कर लिया है। यह भी बताया कि आरोपी पुजारी से रंजिश रखता था। पुजारी के आने के बाद दरगाह में श्रद्धालु कम हो गए थे।





**कुरुक्षेत्र।** बुजुर्ग पुजारी को घसीट कर ले जाता दरगाह का सेवादार एवं पुलिस गिरफ्त में आरोपी दंपति। फोटो : हरिभूमि

### पुजारी से पंकज रंजिश रखता था

सरपंच परमजीत सिंह का कहना है कि गांव में मंदिर के पास ही नकोदर पीर की दरगाह है। दरगाह की देखरेख करने वाला पंकज पुजारी से रंजिश रखता था। सेवादार मामराज का कहना है- पुजारी कई साल मंदिर में आए थे, लेकिन कुछ समय बाद मंदिर से चले गए थे। करीब 2 महीने पहले ही गांव वालों के कहने पर पुजारी योगीराज दोबारा मंदिर में आए थे। तब आरोपी पंकज ने पुजारी के साथ मारपीट करने की धमकी दी थी।


हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं जनता TV

हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026

हरियाणवी संगीत का गौरव
हरियाणवी संस्कृति, हमारी पहचान

1 अगस्त 2026 शनिवार
जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)

नॉमिनेशन के लिए केवल दो दिन बाकी

Category
- Haryanvi Rapper of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Ghada-Bhenjo) (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Pakka Saaz) (Male & Female)
- Haryanvi Desi Pop Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Devotional Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Lyricist of the Year
- Haryanvi Music Composer of the Year
- Haryanvi Master/Mixer of the Year
- Haryanvi Most Melodious Song of the Year

Only for songs released from 1 January 2025 to 31 December 2025

नॉमिनेशन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
or visit our website at :
www.haribhoomi.com
Last Date : 12 July 2026

नॉमिनेशन के लिए पात्रता
- केवल हरियाणवी बोली में जारी किए गए गीत ही नामांकन हेतु मान्य होंगे।
- गीत/संगीत कृति का आधिकारिक रिलीज वर्ष 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) के बीच होना अनिवार्य है।
- नामांकन संबंधित श्रेणियों के अनुसार गायक/गायिका, रैपर, गीतकार, संगीतकार, म्यूजिक मिक्सर एवं अन्य पात्र कलाकारों द्वारा किया जा सकता है।
- अगर आप एक से ज्यादा कैटेगरी के लिए खुद को नॉमिनेट करना चाहते हैं, तो आपको हर कैटेगरी के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा।
- नॉमिनेशन फॉर्म केवल नॉमिनी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही भरा जा सकता है।
- कृपया सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरें। आयोजन समिति आवश्यक होने पर सभी प्रविष्टियों एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
- सभी नॉमिनेशन का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी कैटेगिरी में पांच से कम प्रतिभागी/नॉमिनी रहने पर उस कैटेगिरी को रद्द कर दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 7404443155 advthbtv@gmail.com

## खबर संक्षेप

### स्पीकर आज घरौंडा में जनसमस्याएं सुनेंगे

**घरौंडा।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण 11 जुलाई को घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद शाम चार बजे पुंडरी गांव में चार विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे। जन सुनवाई कार्यक्रम की श्रृंखला के तहत विधानसभा अध्यक्ष शनिवार को सुबह दस बजे घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में क्षेत्र के लोगों की समस्याओं / मांगों की सुनवाई करेंगे। साथ ही संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के लिए निर्देश देंगे।

### हेरोइन के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार



**करनाल।** हरियाणा सरकार के नशा मुक्त प्रदेश अभियान के तहत हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की कुरुक्षेत्र यूनिट ने 12.53 ग्राम हेरोइन के साथ दो कथित नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। उनकी पहचान शिव कॉलोनी निवासी सोनू पुत्र बीरबल तथा इंतजार पुत्र करमबीर के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### सीपीआर से बच सकती हैं अनमोल जानें: डॉ. सेठी



**करनाल।** सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य और विर्क हॉस्पिटल के सहयोग से शुक्रवार को कर्ण स्टेडियम में निःशुल्क सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन, खेल प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों को हृदय गति रुकने जैसी आपातकालीन स्थिति में तत्काल जीवनरक्षक सहायता देने के लिए प्रशिक्षित करना था। शिविर में करनाल स्ट्राइडर्स रनर्स ग्रुप के प्रवेश गाबा, राहुल कौशिक, सुमित मान, कविता मान, अनुज सिंगला, सतिंदर मेहता, हितेश भूटानी, राकेश शर्मा, परमजीत सिंह, प्रगट सिंह सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

### तेज बारिश से इंद्री बस स्टैंड बना तालाब

**इंद्री।** पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने इंद्री बस स्टैंड की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। बस स्टैंड परिसर में जलभराव होने से पूरा परिसर तालाब जैसा नजर आया। पानी भरने के कारण बसें अंदर नहीं जा सकीं और सड़क पर ही यात्रियों को चढ़ाने-उतारने के लिए मजबूर रहीं। इससे यात्रियों को बारिश के बीच सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ा। बरसात के मौसम में हर साल यही स्थिति बनती है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। उन्होंने प्रशासन से जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की।

## पुलिस के हस्तक्षेप से सुलझा विवाद

# पोस्टमार्टम को लेकर सिविल अस्पताल में किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल शहर के सिविल अस्पताल में 42 वर्षीय युवक की मौत के बाद पोस्टमार्टम को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार करते हुए शव तत्काल सौंपने की मांग की, जबकि अस्पताल प्रशासन ने कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक ऐसा करने से मना कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यदि परिवार पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहता तो आवश्यक लिखित एवं कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शव बिना पोस्टमार्टम के परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

■ रिंकू की मौत के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार

मृतक की पहचान शामनगर निवासी 42 वर्षीय रिंकू के रूप में हुई है। वह दो भाइयों में बड़ा था और अविवाहित था। परिवार में उसकी एक बड़ी बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। उसका छोटा भाई अपनी मौसी के पास रहता है। परिजनों के अनुसार मंगलवार रात रिंकू को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ। उसे तुरंत एक निजी क्लीनिक ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उपचार के साथ ईसीजी सहित आवश्यक जांच की। जांच के बाद उसकी स्थिति सामान्य बताते हुए घर जाने की सलाह दी गई। परिजनों का कहना है कि घर लौटते समय रास्ते में रिंकू की तबीयत फिर से बिगड़ गई। इसके बाद उसे तत्काल सिविल अस्पताल करनाल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



**करनाल।** पोस्टमार्टम नहीं कराने की मांग को लेकर सिविल अस्पताल परिसर में मौजूद मृतक के परिजन।

### परिजनों की नाराजगी

परिजनों का आरोप है कि उन्हें पुलिस चौकी बुलाकर कागजी कार्रवाई कराई गई, लेकिन उन्हें यह नहीं बताया गया कि यह प्रक्रिया पोस्टमार्टम के लिए की जा रही है। जब वे डेथ हाउस पहुंचे और पोस्टमार्टम की तैयारी देखी तो उन्होंने इसका विरोध किया। वे पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते और शव सीधे उन्हें सौंपा जाए। सिटी थाना के सब-इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि परिवार पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहता है। ऐसे मामलों में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और लिखित सहमति पूरी कराई जाती है। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शव बिना पोस्टमार्टम के परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# निगमायुक्त से मिले पार्षद, विकास कार्यों में समन्वय बढ़ाने पर जोर

■ महापौर बोलीं– जनप्रतिनिधियों और निगम प्रशासन के तालमेल से विकास को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम करनाल की नव नियुक्त आयुक्त सलोनी शर्मा से शहर के पार्षदों का परिचय कराने और विकास कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर रेणु बाला गुप्ता ने की। इस दौरान सभी पार्षदों ने अपना परिचय देते हुए अपने-अपने वार्डों की प्रमुख समस्याओं और विकास कार्यों की जानकारी निगमायुक्त को दी।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि नगर निगम के सभी पार्षद जनहित की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं और उनका उद्देश्य करनाल को विकास, स्वच्छता और बेहतर नागरिक सुविधाओं के मामले में नई पहचान दिलाना है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में शहर में विकास परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है, जिससे नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई निगमायुक्त के नेतृत्व में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, संयुक्त आयुक्त दलजीत सिंह, उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा, अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार आदि मौजूद रहे।



**करनाल।** निगमायुक्त सलोनी शर्मा के साथ परिचय बैठक में पार्षद।

# 15 स्कूलों के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया

■ भाविप ने किया उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

भारत विकास परिषद शाखा घरौंडा द्वारा परिषद की स्थापना अवसर पर उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान का सेंचुरी स्कूल में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मैट्रिक कक्षा मे प्रत्येक स्कूल के सर्वश्रेष्ठ अंक लाने वाले विद्यार्थियों को समानीत किया गया. इस अवसर पर ब्लॉक घरौंडा के 15 स्कूलों के उत्कर्ष विधार्थियो को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उनके साथ अध्यापक व अभिभावक उपस्थित रहे. कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे श्री टेक चंद भार्गव रिटायर्ड मुख्य अध्यापक व समाज सेवी जी रहे उन्होंने बच्चों को नैतिक संस्कार के गुण प्रदान किया भविष्य में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अध्यक्षा वीना खंड शिक्षा अधिकारी ने भारत विकास परिषद के कार्यों की भरपूर प्रशंसा करते हुए कहा की भारत विकास परिषद शाखा सबसे बेहतरीन उत्कृष्ट संस्था है जो समय-समय पर बच्चों के कल्याण और उत्थान के लिए कार्य करती रहती है आगे भी यह कार्य चलते अनवरत चलते रहने चाहिए प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने स्थापना दिवस के अवसर के गरिमामय अवसर पर परिषद के इतिहास मूलभूत सिद्धांतों के बारे में सभी बच्चों को अवगत कराया व विस्तार से परिषद द्वारा चलाए जाने वाले प्रकल्पों की जानकारी दी क्षेत्रीय संपर्क संयोजक श्री धीरज भाटिया ने भी बच्चों को मंगल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगामी होने वाले परिषद के प्रकल्पों की विस्तार से जानकारी देते हुए और बच्चों को जीवन में उतारने के लिए कुछ सूत्र बताएं।

# गोवर्धन गिरिराज की महिमा का किया बखान

■ श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिन साध्वी राधा शास्त्री ने किए प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नगर वासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत अमीर चंद मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिन की कथा में श्री आनंदपुर आश्रम के बाई जी ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पांचवें दिन की कथा में कथा व्यास साध्वी राधा शास्त्री ने गोवर्धन गिरिराज की महिमा सभी श्रद्धालुओं को सुनाते हुए कहते हैं कि भगवान को भोग लगाते समय क्या बोलते हैं भगवान श्री कृष्ण ने कितने दिन तक गोवर्धन उठा कर रखे थे। उन्होंने बताया कि इंद्र के प्रकोप से गोवर्धन पर्वत ब्रज वासियों को बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने उठाया था तब उन्हें लगातार 7 दिन भूखा रहना पड़ा था इसके बाद उन्हें 7 दिनों और आठ पहर के हिसाब से 56 व्यंजन खिलाई गए थे तभी से 56 भोग परंपरा की शुरुआत हुई। सचिया कहती हैं कन्हैया से एक बात बताओ कृष्ण तुम्हारे हाथों में इतना बल कहां से आया तुमने अकेले ही गिरिराज पर्वत को उठा कर रखा तो भगवान बोलते हैं कछु माखन को बल बड़ा यो कछु ओपन करि सहाय श्री राधे की कृपा से मैंने गिरवर लियो उठाएं। महाराज परम भगवान उस शब्द से हो रहा है।

# विधायक कश्यप ने आवास योजना के 37 लाभार्थियों को दिए स्वीकृति पत्र

■ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिल रहा है : रामकुमार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने नगर पालिका कार्यालय इंद्री में प्रधानमंत्री आवास योजना-2 के तहत 37 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। विधायक ने योजना का लाभ प्राप्त करने वाले सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज आमजन को मिल रहा है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से मकान निर्माण पूरा करने का आह्वान भी किया। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि गरीब परिवारों को अपना पक्का मकान मिले। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है।



**इंद्री।** लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र देते विधायक रामकुमार कश्यप ।

## न्यूज डायरी

### धार्मिक आयोजन से सेवा-सद्भाव की भावना मजबूत

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शुक्रवार को सेक्टर-9 स्थित श्री कृष्ण कृपा धाम में आयोजित माता के भव्य जागरण में श्रद्धापूर्वक भाग लिया। उन्होंने मां भगवती एवं राधा-कृष्ण के चरणों में शीश नवाकर प्रदेश और देशवासियों के सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की। महापौर ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन केवल आस्था का प्रतीक नहीं बल्कि समाज में सेवा, सद्भाव, संस्कार और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम भी हैं। इससे नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ती है। उन्होंने कहा कि मां भगवती की कृपा से प्रत्येक परिवार में सुख, समृद्धि और सौहार्द बना रहे तथा प्रदेश और देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े। महापौर ने समाजसेवी अनिल सिंगला और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, समाजसेवी अनिल सिंगला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### खाटू श्याम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में शुक्रवार को योगिनी एकादशी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर और बाबा श्याम के दरबार को आकर्षक फूलों से सजाया गया। सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। योगिनी एकादशी के उपलक्ष्य में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु देर तक बाबा श्याम के भजनों पर झूमते रहे। पंडित दीपक पांडे ने बताया कि आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की योगिनी एकादशी भगवान विष्णु की आराधना के लिए अत्यंत पवित्र मानी जाती है। इस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत और पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा पापों का नाश होता है। इस अवसर पर देसराज गुप्ता, राजेश गर्ग, महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, रामकरण गोयल, अशोक सिंघला, विशाल गुप्ता, अरविंद गुप्ता, अनुपम त्रिपाठी, पंडित उमेश पांडे, पवन गुप्ता, राजेश सिंघला, हरीश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### असंध में विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को असंध शहर में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी परियोजनाएं तय समय सीमा में पूरी हों ताकि लोगों को जल्द सुविधाओं का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान डीसी ने करीब 76 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से 3.58 एकड़ भूमि पर निर्माणाधीन 100 बेड अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जाए ताकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मंशा के अनुरूप क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि अस्पताल बनने से असंध के साथ-साथ आसपास के कैथल, जींद, पानीपत और करनाल क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर एडीसी डॉ. राहुल रइया, एसडीएम सुमित सिहाग, डीएसपी गोरखपाल राणा, तहसीलदार नवजीत कौर बराड़, नायब तहसीलदार राधेश्याम, पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता राजकुमार, एसडीओ शैलेन्द्र, नगरपालिका सचिव प्रदीप जैन, एसएमओ डॉ. सूबे सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बारिश के बीच भी नहीं टूटा योग साधकों का उत्साह

**करनाल।** 'मेरा मिशन स्वस्थ भारत' अभियान के अंतर्गत योग प्रमुख दिनेश गुलाटी के मार्गदर्शन में सेक्टर-12 स्थित फ़व्वारा पार्क में शुक्रवार को प्रातःकालीन योग सत्र आयोजित किया गया। लगातार हो रही बारिश के बावजूद योग साधकों का उत्साह और अनुशासन देखने योग्य रहा। प्रतिकूल मौसम भी स्वस्थ जीवन के उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सका। योग शिक्षिकाओं नीलम बटला, निधि गुप्ता और एनएफ चौधरी ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। सभी साधकों ने पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ योगाभ्यास में भाग लिया। योग प्रमुख दिनेश गुलाटी ने कहा कि बरसात के मौसम में रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से कई मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही शारीरिक गतिविधियां कम होने से पाचन तंत्र भी प्रभावित होता है। ऐसे में नियमित योग अभ्यास शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और बीमारियों से बचाव का प्रभावी उपाय है।

### अमेरिका से लौटे एनआरआई की हादसे में मौत

**करनाल।** करनाल जिले के बस्ताड़ा टोल प्लाजा के पास सड़क हादसे में अमेरिका से लौट रहे 79 वर्षीय एनआरआई केवल सिंह की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे की सच्चाई सामने लाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। मृतक के परिजन बिजेंद्र सिंह ने बताया कि केवल सिंह अपने बेटे और दामाद के साथ अमेरिका से भारत आए थे और पंजाब के नवांशहर जा रहे थे। वे रात करीब नौ बजे दिल्ली पहुंचे, जहां से टैक्सी लेकर मुरथल के एक ढाबे पर भोजन किया। इसके बाद वे आगे रवाना हुए और रात करीब दो बजे बस्ताड़ा टोल प्लाजा के पास पहुंचे। परिजनों के अनुसार, टोल के पास टैक्सी में सीएनजी भरवाई जा रही थी। इसी दौरान केवल सिंह शौचालय जाने के लिए गाड़ी से उतर गए। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिवार ने आसपास उनकी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। इंतजार के बाद परिजन आगे निकल गए। करीब छह घंटे बाद जब केवल सिंह घर नहीं पहुंचे तो परिजन दोबारा बस्ताड़ा लौटे। वहां एक पेट्रोल पंप के पास उनका शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि केवल सिंह लंबे समय से मानसिक बीमारी से पीड़ित थे और अमेरिका में उनका इलाज चल रहा था। संभवतः इसी कारण वह रास्ता भटक गए। हालांकि, हादसे के सही कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। जांच अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि केवल सिंह अपने बेटे और दामाद के साथ पंजाब जा रहे थे। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उन्हें किस वाहन ने टक्कर मारी। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### श्री खाटू श्याम मंदिर में कीर्तन व भंडारा

**तरावड़ी ।** तरावड़ी के नत्था सिंह नगर मे स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में एकादशी का उत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया । इस अवसर पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से लेकर देर रात तक श्याम बाबा के मंदिर में श्याम प्रेमियों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर करनाल से पहुंचे भजन गायक कपिल जुजेना ने अपनी मधुर आवाज मे श्याम बाबा के भजनों से श्रद्धालुओं से रिझाया जिसपर श्याम प्रेमी झूम के नाचें। गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को योगिनी एकादशी महत्व बताया गया। इस अवसर पर श्री खाटू श्याम लखदातार कमेटी के सदस्य भी उपस्थित थे। इस मौके पर पंडित ने बताया कि योगिनी एकादशी आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है, जो समस्त पापों को नष्ट करने और भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए अत्यंत पवित्र मानी जाती है। इस दिन व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा की जाती। जो श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान विष्णु की आराधना करता है। भगवान उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते है। इस अवसर पर श्री श्याम सेवादार मंडल के सदस्य ईश्वर जांगड़ा, कपिल पाहुजा, सुनील दुआ, मुनीष कुमार साहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

## लाखों रुपये की सफाई व्यवस्था पर नागरिकों ने उठाए सवाल

# तेज बारिश से तरावड़ी की सड़कें बनी तालाब

■ जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

बीती रात हुई तेज बरसात ने तरावड़ी शहर की व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। शहर की कई मुख्य सडक़ों पर पानी भर गया, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खासकर अनाज मंडी के पास अंजनथली रोड, ओवरब्रिज के आसपास की सडक़े, अंडरपास मे बरसात जलभराव और निरंकारी भवन के समीप दोनों तरफ की सडक़ों पर जलभराव की स्थिति देखने को मिली। बताया जा रहा है कि मानसून को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा लाखों रुपये खर्च कर नालों की सफाई करवाई गई थी, लेकिन पहली ही तेज बारिश में यह व्यवस्था पूरी तरह से विफल होती नजर आई। कई स्थानों पर पानी की निकासी नहीं हो सकी, जिससे सडक़ों पर पानी जमा हो गया और लोगों का आवागमन बाधित हो गया। ओवरब्रिज के आसपास व निरंकारी भवन के पास की सडक़ों पर स्थिति और भी खराब रही, जहां दोनों ओर पानी रूकने से वाहन चालकों और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं दुकानदारों ने भी अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि हल्की बारिश में भी सडक़ पर पानी जमा हो जाता है और गुजरते वाहनों से पानी उनकी दुकानों में घुस जाता है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने नगर पालिका से लाखों रुपये देकर दुकानें किराये पर ली हैं, लेकिन इसके बावजूद जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है।

जलभराव की सूचना मिलते ही नगर पालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पानी की निकासी के लिए सफाई कार्य शुरू किया। अंडरपास के अन्दर पानी निकासी के लिये मोटरपम्प लगा कर पानी निकाले का कार्य शुरू कर दिया है। नगर पालिका के सचिव भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान शहीद भगत सिंह मार्केट के सदस्य सुरेश गुप्ता, जोगिंदर आहूजा तथा समाजसेवी एवं उद्योगपति एडवोकेट राकेश गर्ग भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों से बातचीत कर सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की।



**तरावड़ी।** रेलवे अंडरपास में भरा बरसाती पानी।

### मध्यस्थता से केसों का समाधान भाईचारे को देता है बढ़ावा : सीजेएम

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने शुक्रवार को बीमा कंपनियों के पैनल अधिवक्ताओं की बैठक ली। उन्होंने समाधान अभियान तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार आयोजित की जा रही प्री लोक अदालत की जानकारी दी। उन्होंने प्री लोक अदालत में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए अधिवक्ताओं को प्रेरित किया। सीजेएमयादव ने बताया कि जिला एडीआर सेंटर में प्रशिक्षित मध्यस्थों की सहायता से न्यायालयों में लंबित मामलों तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से समझौते के लिए भेजे गए मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से समाधान कराया जाता है।

# 10 अगस्त को जेल भरो आंदोलन की चेतावनी

■ मांगें पूरी न होने पर आंगनवाड़ी वर्कर्स–हेल्पर्स का काला दिवस

■ महिला एवं बाल विकास मंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स यूनियन ने शुक्रवार को जिला स्तर पर काला दिवस मनाते हुए अपनी लंबित मांगों को लेकर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नाम तहसीलदार करनाल को ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मांगें पूरी नहीं कीं तो 10 अगस्त 2026 को जिला स्तर पर गिरफ्तारी देकर जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

यूनियन की जिला प्रधान रूपा राणा, जिला सचिव बिजनेश राणा तथा ओ.पी. माटा ने कहा कि 11 जून को अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ हुई बैठक में जिन मांगों पर सहमति बनी थी, उन्हें लागू करने का आश्वासन 30 जून तक दिया गया था। इसके बावजूद अब तक किसी भी मांग को लागू करने संबंधी कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। इससे प्रदेशभर की आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि जल्द ही राज्य कमेटी की बैठक बुलाकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

यूनियन नेताओं ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाला मानदेय अभी तक जारी नहीं हुआ है। क्रेच केंद्रों और आंगनवाड़ी केंद्रों का किराया लंबे समय से बकाया है। इसके अलावा आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए पुलिस मामले वापस नहीं लिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



पानीपत। आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर यूनियन सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी के नेतृत्व में जिला परियोजना अधिकारी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। यूनियन ने राष्ट्रीय आह्वान पर काला दिवस मनाते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री को जिला परियोजना अधिकारी के माध्यम से मांग पत्र भेजा तथा स्थानीय मांगों से संबंधित अलग ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, प्रभारानी, सुरेश बाला, रेनु, दर्शन, सतवंती, किरण और कांता देवी ने किया। आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर यूनियन सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी के नेतृत्व में जिला परियोजना अधिकारी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा, न्यूनतम वेतन, ग्रेच्युटी, पेंशन, केंद्रों के किराए में बढ़ोतरी तथा विभिन्न सरकारी पदों पर भर्ती में कोटा निर्धारित करने की मांग उठाई।

## भारत सरकार के युवा कार्यक्रम की सफलता को लेकर डीसी की बैठक

# युवा शक्ति बनेगी विकसित भारत की मजबूत नींव: डॉ. हरीश वशिष्ठ

■ 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिक से अधिक युवाओं का पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी 'मेरा युवा भारत' (एमवाई भारत) पहल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला सचिवालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में एक जुलाई से 15 अगस्त तक चलाए जा रहे सघन पंजीकरण अभियान, अनुभव आधारित शिक्षण कार्यक्रम, वार्षिक कार्य योजना 2026-27 तथा नशा मुक्ति अभियान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं, डीसी डॉ वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिक से अधिक युवाओं का 'मेरा युवा भारत' पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले का प्रत्येक युवा राष्ट्र निर्माण की विकासात्मक गतिविधियों से जुड़ सके। उपायुक्त ने कहा कि सभी सरकारी विभाग, शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक संगठनों को समयबद्ध तरीके से 'मेरा युवा भारत' पोर्टल से जोड़ा जाए तथा प्रत्येक संस्था में 'मेरा युवा भारत' प्रतिनिधि का चयन भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता को सकारात्मक दिशा देकर ही विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है।



पानीपत। मेरा युवा भारत को लेकर बैठक करते डीसी डॉ. हरीश व अन्य अधिकारी।

### एसआईआर पर चर्चा

**पानीपत।** एडीसी अंकित चौकसे ने जिले के सभी सरपंचों, पंचों और ग्रामीण नागरिकों से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव इसी मतदाता सूची के आधार पर संपन्न होंगे, इसलिए प्रत्येक ग्रामीण का यह दायित्व है कि वह अपने गांव की मतदाता सूची को पूरी तरह सही, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें।

### शहर में न हो जलभराव : डीसी

**पानीपत।** मानसून के मौसम में हुए शहर में संभावित जलभराव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ शहर के जलभराव प्रभावित स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान खादी आश्रम के समीप तथा असंध रोड पर सेंट मैरी स्कूल के सामने जलभराव वाले संवेदनशील बिंदुओं का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान किसी भी स्थिति में आमजन को जलभराव के कारण परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### एसआईआर एसआईआर का कार्य समय से करें पूरा

**पानीपत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव एस.बी. जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एन्यूमरेशन फॉर्म के डिजिटाइजेशन का कार्य हर हाल में 14 जुलाई से पहले पूरा किया जाए, ताकि अभियान समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके। जोशी ने कहा कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया को कानून के दायरे में रहकर पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न करना है।



पानीपत। विश्व जनसंख्या दिवस पर देश भक्ति के गीत गाते हुए फैला उजियार फाउंडेशन से जुड़ी नारी शक्ति।

### नारी शक्ति ने विश्व जनसंख्या दिवस मनाया

**पानीपत।** फैला उजियारा फाउंडेशन की चेयरपर्सन कुमारी रंजीता कौशिक ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस केवल बढ़ती आबादी पर चिंता व्यक्त करने का अवसर नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश देने वाला महत्वपूर्ण दिवस है। भारत जैसे युवा देश के लिए जनसंख्या तभी वरदान बन सकती है, जब प्रत्येक नागरिक शिक्षित, स्वस्थ, जागरूक, संस्कारित और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित हो। इसी उद्देश्य को लेकर प्रमुख सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा जय जय भारत देश अभियान के अंतर्गत जिले के गांव मांडी में विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कौशिक ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी जनसंख्या की संख्या में नहीं, बल्कि उसके नागरिकों की शिक्षा, स्वास्थ्य, नैतिक मूल्यों, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति में होती है। यदि प्रत्येक नागरिक जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे तो भारत विश्व का सबसे सशक्त और विकसित राष्ट्र बन सकता है। इस अवसर पर निर्मला, गीता रानी, कमलेश, बिमला, सुप्रिया, माया, सुनीत, आरती आदि रहीं।

# डाइट में शुरू होगा राजकीय कन्या महाविद्यालय

■ विधायक प्रमोद व ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सरकार ने पानीपत शहर में नए राजकीय कन्या महाविद्यालय की स्थापना को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान दे दी है। इस संबंध में उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा कॉलेज के संचालन के लिए अस्थायी भवन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे।

इसी क्रम में शुक्रवार को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ के साथ जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर कॉलेज के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि महिला कॉलेज का संचालन फिलहाल लाल बत्ती स्थित डाइट (जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) भवन से किया जाएगा। डाइट परिसर में फिलाहल 12 कमरे है इनमें कक्षाएं संचालित की जाएंगी, ताकि नए शैक्षणिक सत्र से छात्राओं को समय पर प्रवेश और पढ़ाई की सुविधा मिल सके। बैठक में अधिकारियों ने कॉलेज के सुचारु संचालन, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। गौरतलब है कि महिला कॉलेज की मंजूरी दिलाने में पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विधायक प्रमोद विज ने दावा किया कि कॉलेज बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। हर बेटी शिक्षित हो यह उनकी प्राथमिकता है। वहीं, कॉलेज को शीघ्र शुरू कराने के लिए सभी प्रशासन आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा।



पानीपत। विधायक प्रमोद विज, डीसी व अन्य अधिकारी बैठक करते हुए।

# बच्चों को गीता के संस्कार अवश्य देने चाहिए: गुप्ता

■ गीता परिवार की एलएनटी कॉलेज में बाल संस्कार शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

एलएनटी कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन गांव मछरौली में, गीता परिवार द्वारा आगामी बाल संस्कार शिविर की तैयारियों व अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता उत्तरांचल प्रभारी, गीता परिवार शिक्षाविद् मीनाक्षी गुप्ता द्वारा की गई। बैठक में आगामी 14 से 20 जुलाई तक आयोजित होने वाले, श्री कृष्ण वेद विद्यालय पानीपत में बाल संस्कार शिविर की संपूर्ण कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षा मिनाक्षी गुप्ता ने कहा कि बाल संस्कार शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना का विकास करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पूर्ण समर्पण एवं टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान कि बैठक के दौरान शिविर के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बैठक में हरियाणा प्रभारी, गीता परिवार सुनीता खन्ना ने बताया कि गीता सब धर्मों का आधार है, गीता से आप ऑनलाइन माध्यम से जुड़ सकते हैं। इस अवसर पर जिला प्रभारी ममता वर्मा, गीता सेवी नीरज गोयल, पंकज अरोड़ा, मुकेश देशवाल, सोनू रानी आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। गीता परिवार उत्तरांचल प्रभारी मीनाक्षी गुप्ता के साथ गीता सेवी।

# गोडावन इंडिया को विश्व स्तर पर मिले अवार्ड

■ सर्वोच्च रैंक हासिल करने वाली भारतीय स्पिरिट को प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

डियाजियो इंडिया के चीफ इनोवेशन ऑफिसर विक्रम दामोदरन ने बताया कि राजस्थान स्थित गोडावन डिस्टिलरीज की गोडावन आर्टिजनल सिंगल माल्ट व्हिस्की ने अमेरिका के शिकागो में आयोजित बारटेंडर स्पिरिट्स अवॉड्र्स 2026 में दो प्रतिष्ठित सम्मान अपने नाम किए हैं। गोडावन 02 फ्रूट एंड स्पाइस को स्पिरिट ऑफ द ईयर – इंडिया और इंडियन सिंगल माल्ट व्हिस्की ऑफ द ईयर का खिताब मिला है। इन उपलब्धियों के साथ ब्रांड के इंटरनेशनल अवार्ड्स की कुल संख्या 125 से अधिक हो गई है। स्पिरिट ऑफ द ईयर – इंडिया अवार्ड, सभी कैटेगरीज में भारतीय स्पिरिट्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली स्पिरिट को दिया जाता है। यह प्रतियोगिता का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान है, जो समग्र प्रदर्शन के आधार पर सर्वोच्च रैंक हासिल करने वाली भारतीय स्पिरिट को प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, गोडावन 02 फ्रूट एंड स्पाइस को डबल गोल्ड मेडल भी मिला, गोडावन 01 रिच एंड राउंडेड को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

# इसराना व मतलौडा में निर्बाध होगी बिजली की आपूर्ति

■ दोनों फीडरों को दोबारा जोड़ा जाएगा अर्बन फीडर से, पंचायत विकास मंत्री के प्रयास लाए रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के विकास, पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार के व्यक्तिगत प्रयास से इसराना और मतलौडा के लोगों को निर्बाध 24 घंटे बिजली की सप्लाई शुरू की गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इसको लेकर शुक्रवार को ही उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के साथ बैठक कर मतलौडा और इसराना फीडर को तुरंत प्रभाव से ग्रामीण फीडर से हटकर अर्बन फीडर से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। इसी को लेकर प्रबंध निदेशक की ओर से अधीक्षण अभियंता और कार्यकारी अभियंता को यह निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इसराना हल्के के लोगों के लिए उनके द्वार 24 घंटे खुले हैं। लोगों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होनी दी जाएगी।

### यह बोले मंत्री पंवार



मंत्री पंवार ने बताया कि उक्त दोनों फीडरों की पुरानी बिल्डिंग भी जर्जर हो चुकी है। इसको लेकर भी उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को अवगत कराया गया है। उन्होंने कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए हैं कि शीघ्र ही इसका एस्टीमेट बनाकर इसका टेंडर लगाया जाएगा और दोनों नई बिल्डिंग तैयार की जाएंगी। दोनों सबडिवीजन स्तर की बिल्डिंग को आधुनिक तरीके से बनाया जाएगा और इसमें आधुनिक उपकरण भी लगाए जाएंगे, जिससे बिजली की व्यवस्था और ज्यादा सुदृढ़ होगी।

### चोरी में पानीपत से युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** बंद मकान में चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने पानीपत के एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विकास नगर, पानीपत निवासी जीवन शर्मा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि पुराना मॉडल टाउन, टोहाना निवासी एक महिला की शिकायत पर थाना शहर टोहाना में 3 मार्च को मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, शिकायतकर्ता देविका की माता अपने मकान को बंद कर केरल घूमने गई हुई थी। देर रात पड़ोसी द्वारा मकान के भीतर से आवाजें आने की सूचना मिलने पर शिकायतकर्ता मौके पर पहुंची तथा डायल-112 पर सूचना देकर पुलिस को बुलाया। मौके पर मकान के बाहर एक संदिग्ध कार खड़ी मिली। जब मकान की तलाशी ली गई तो दो व्यक्ति वहां से भागने लगे। इनमें से एक आरोपी को स्थानीय लोगों की मदद से मौके पर ही काबू कर लिया।



पानीपत। —जन सारथी फाउंडेशन के कार्यक्रम में उपस्थित नारी शक्ति।

# घर हो या बाहर किसी भी तरह का जुल्म सहन न करें नारी : बृज

■ महिला उत्पीड़न रोकने के लिए जन सारथी फाउंडेशन का जागरूकता कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जन सारथी फाउंडेशन द्वारा कनोडिया ग्लोबल में महिला उत्पीडऩ रोकथाम को लेकर जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट बृज मोहन शर्मा और कानूनी सलाहकार एडवोकेट सुनीता कश्यप ने महिला कर्मचारियों को कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ से बचाव, कानूनी अधिकारों और शिकायत प्रक्रिया की जानकारी दी। एडवोकेट सुनीता कश्यप ने बताया कि संस्था पिछले आठ वर्षों से कार्यस्थलों पर महिला सुरक्षा और कानूनी सहायता के लिए कार्य कर रही है। वहीं बृजमोहन शर्मा ने सभी उद्योग एवं फैक्ट्री प्रबंधन से आंतरिक शिकायत समिति का गठन करने की अपील करते हुए इसे कानूनी रूप से अनिवार्य बताया। इस अवसर पर विजय मलिक, ज्योति, दिशा, मनीषा, दीपा, सविता और पूजा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



पानीपत। पंचायत विकास मंत्री के साथ सेंट मैरी स्कूल प्रशासन व विद्यार्थी।

### शिक्षा इंसान की तरक्की की सशक्त राह : पंवार

**पानीपत।** सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के पंचायत एवं विकास तथा खान एवं भू विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार रहे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक फादर कार्तिक एबल ने की। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के नए पुस्तकालय का उद्घाटन किया और बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा को चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए विद्यार्थियों को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मंत्री पंवार ने विद्यालय की लाइब्रेरी के लिए पांच लाख रुपये तथा प्रेक्षागृह को वातानुकूलित कराने की घोषणा भी की।

### पुलिस ने नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने समालखा बस अड्डा के पास अमन पुत्र राम अवतार निवासी बसंतपुर गौंडा यूपी हाल सैनी कॉलोनी पानीपत को 1 किलो 200 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी अमन के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। जबकि कोर्ट ने अमन को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

### आर्य स्कूल में पॉडकास्ट से छात्रों को किया प्रेरित

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को छात्राओं के लिए एक प्रेरणादायक पॉडकास्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को अनुभवी शिक्षकों एवं विद्यालय प्रशासन के विचारों से अवगत कराना तथा उन्हें शिक्षा, अनुशासन एवं जीवन मूल्यों के प्रति प्रेरित करना था। वहीं, कार्यक्रम में कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य धर्मेंद्र, आशु अग्रवाल, खुशी, नीति, पलक, अंजनी आदि उपस्थित रहे।

### भाविप ने शिक्षक व छात्राओं को किया सम्मानित

**पानीपत।** भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस एवं संस्थापक प्रमुख स्वर्गीय सूरज प्रकाश की जयंती पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव निजामपुर में गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में हिंदी प्रवक्ता जोगिंदर सिंह, अंग्रेजी शिक्षक हितेश भार्गव, प्राइमरी हेड टीचर अंजू तथा मेधावी छात्राओं सुमन और पिंकी को सम्मानित किया गया। वहीं, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए कला अध्यापक सुरेंद्र राठी और गणित अध्यापिका कमला को विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर सुभाष मित्तल, अमित चौधरी, अंजना गुप्ता, रेनु गुप्ता, कमलेश सिंगला, मुकेश गुप्ता, पवन गुप्ता, सोमेश मित्तल, अशोक शर्मा, कांता बंसल, सुमन मित्तल आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों के लिए असुरक्षित चार कोचिंग सेंटर सील

**पानीपत।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कोचिंग सेंटर में हुई भीषण आगजनी की घटना के बाद पानीपत प्रशासन ने शुक्रवार को एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार की अगुवाई में गठित उच्च स्तरीय टीम ने बिशन स्वरूप कालोनी में चल रहे एंबिशन और उड़ान एकेडमी समेत चार कोचिंग सेंटरों को असुरक्षित होने के चलते सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान जिला दमकल अधिकारी गुरमेल सिंह व थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर फतेह सिंह पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। स्मरणसीय है कि इन कोचिंग सेंटरों को पहले भी सुरक्षा मानक पूरे करने के लिए नोटिस दिए गए थे, लेकिन संचालकों ने उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया।

### आत्महत्या मामले में 12 लोग फंसे

**इसराना।** थाना इसराना पुलिस ने गांव मांडी में आत्महत्या करने वाले अजमेर सिंह की पत्नी सोनू देवी की शिकायत पर उसके परिजनों भाई वेदपाल, भाभी ममता, कृष्ण, इसकी मां, ननद सुमन, जगदीश मास्टर, सतीश उर्फ कल्लू, करनैल व इनके परिजनों कुल 12 लोगों पर केस दर्ज करवाया है। सोनू का आरोप है कि नामजद आरोपियों की प्रताडना के चलते ही अजमेर ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या की है। वहीं, सोनू का दावा है कि अजमेर के पास से मिले सुसाइड नोट में उसने अपनी मौत के लिए नामजद आरोपियों को जिम्मेदार ठहराया है।

### शहर की व्यवस्था को लेकर पार्षद से मिले दुकानदार

**पानीपत।** मॉडल टाउन मार्केट एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान सरदार कवलजीत सिंह ने पार्षद तरुण गांधी के कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पार्षद तरुण गांधी ने कवलजीत सिंह को पटका पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मॉडल टाउन मार्केट के सौंदर्यकरण, व्यापारियों की सुरक्षा, पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई तथा बेहतर प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न जनहित एवं विकास कार्यों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

### विवाहिता की शिकायत पर ससुरालियों पर केस

पानीपत। थाना किला पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर उसके पति जुनेद, जेठ आबिद व जेठानी सलमा निवासी गांव बडौली जिला बागपत, उत्तर प्रदेश के खिलाफ दहेज एक्ट समेत अन्य आरोपी में केस दर्ज किया है। विवाहिता का आरोप है कि सुसराल वालों ने उसे दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया है।

### नेशनल हार्ट सेफ्टी मिशन का शुभारंभ



डॉ.नवीन नैन।

**पानीपत।** देश में बढ़ते हृदय रोगों और हार्ट अटैक के मामलों को देखते हुए डॉ.नवीन नैन भालसी द्वारा नेशनल हार्ट सेफ्टी मिशन के तहत राष्ट्रीय स्तर पर जनजागरूकता और विशेषज्ञ परामर्श अभियान शुरू किया गया है। इस पहल का उद्देश्य चिकित्सकों, वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से भारत के लिए प्रभावी राष्ट्रीय हृदय सुरक्षा कार्ययोजना तैयार करना है। डॉ.भालसी ने बताया कि युवाओं में बढ़ते हार्ट अटैक के मामलों को देखते हुए हृदय स्वास्थ्य को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मिशन का प्रारंभिक ड्राफ्ट और राष्ट्रीय कार्ययोजना प्रस्ताव विभिन्न संवैधानिक पदों एवं प्रमुख संस्थाओं को भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि अगले चरण में देशभर के विशेषज्ञों, चिकित्सकों, प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक संगठनों से सुझाव लेकर एक विस्तृत राष्ट्रीय सिफारिश रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जिसे संबंधित मंत्रालयों और नीति निर्माताओं के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। डॉ.भालसी ने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल या सरकार के विरोध का अभियान नहीं, बल्कि जनहित और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक सकारात्मक राष्ट्रीय पहल है।



पानीपत। भारत विकास परिषद के पदाधिकारी प्रसन्न मुद्रा में।

### पौधा रोपण कर मनाया अपना 64 वां स्थापना दिवस

पानीपत। भारत विकास परिषद के 64वें स्थापना दिवस पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पानीपत शाखा की ओर से सेक्टर 25 फेज 2 स्थित प्लॉट नंबर 196 में वाटर कूलर स्थापित किया गया। इसका शुभारंभ शाखा के वरिष्ठ सदस्य प्रवीण गुप्ता एवं अशोक गुप्ता ने किया।

**सूचना**

मैं, माया देवी पत्नी स्व. श्री पवन कुमार निवासी गांव हथवाला, जिला पानीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र प्रवीन व उसकी पत्नी सविता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**अंबाला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के मार्गदर्शन तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जंडली में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन पैरा लीगल वालंटियर (पीएलवी) मोना द्वारा किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थित प्रतिभागियों को निशुल्क विधिक सहायता, उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों, महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों, साइबर अपराधों से बचाव, बाल विवाह निषेध, पॉक्सो अधिनियम, 2012 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

### मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल खुला

**अंबाला।** सरकार द्वारा वर्तमान सीजन खरीफ 2026 में फसल पंजीकरण हेतू मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल खोल दिया है। सभी किसानों को निर्देश दिए गए कि वे अपनी फसलों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अवश्य पंजीकरण करवाएं। पंजीकरण उपरांत ही किसान प्रदेश सरकार द्वारा चलाई अन्य स्कीमों जैसे धान की सीधी बिजाई, पराली प्रबन्धन, प्राकृतिक खेती, मेरा पानी मेरी विरासत व कृषि यंत्रों पर मिलने वाली अनुदान राशि का फायदा ले सकते हैं।

### कल भी खुले रहेंगे विशेष काउंटर

**अंबाला।** प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नागरिकों को राहत प्रदान करते हुए संपत्ति कर (प्रोपर्टी टैक्स) की बकाया ब्याज राशि पर 75 फीसदी की विशेष छूट प्रदान की गई है। यह विशेष छूट योजना 31 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगी। योजना का अधिक लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 31 अगस्त तक निगम कार्यालय में संपत्ति कर जमा करवाने के लिए रविवार के दिन भी संग्रहण काउंटर खुले रहेंगे।

### चेयरमैन ठकराल का किया अभिनंदन

**अंबाला।** मार्केट कमेटी अंबाला छावनी के चेयरमैन बलविंद्रर सिंह द्वारा नई अनाज मंडी में हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड पंचकुला के चेयरमैन राजेश ठकराल के आने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। चेयरमैन ने मंडी में चल रहे अटल श्रमिक कैन्टीन के बारे में बताया कि इस कैंटीन में किसानों को 10 रूपये में भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में किसान के लिए रेस्ट हाउस का भी प्रावधान है।

### इंजेक्शन तस्करी के दोषी को दस साल की कैद

**अंबाला।** मादक पदार्थ और नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एनडीपीएस मामलों की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. अशोक कुमार की अदालत ने नशीले इंजेक्शनों के साथ पकड़े गए आरोपी कर्मजीत सिंह को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक: शिकायत के बाद कृष्ण बेदी ने जांच के लिए गठित की कमेटी

# गदौली में पुल निर्माण व स्टोन पीचिंग के कार्य में कोताही ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री से जांच करवाने की लगाई गुहार




**अंबाला।** मीटिंग में लोगों की शिकायतों पर सुनवाई करते मंत्री कृष्ण बेदी।

- सिंचाई विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल
- समिति की मीटिंग में 8 शिकायतों का समाधान
- पांच पर अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछडे वर्ग कल्याण के विभाग के मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शुक्रवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक ली। इस दौरान उन्होंने एजेंडे में 13 शिकायतों पर सुनवाई की। आठ शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। 5 के समाधान के लिए कमेटी का गठन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसपी अजीत सिंह शेखावत, नगर निगम आयुक्त वीरेंद्र सिंह सहरावत सहित कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य व प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सौहादर्यपूर्ण माहौल में समिति की बैठक हुई है। सभी शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुना गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं को सुनने का उन्हें मौका मिला है। उनका भी पूरा प्रयास है कि सभी लोगों की शिकायतों का समाधान हो। बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री 17 जुलाई को जींद में आ रहे हैं। इस दिन वह देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाकर देश के लोगों को यह सौगात देंगे। कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तैयारियां की जा रही हैं।

### ये रहे मौजूद

सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम शिवजीत भारती, नगराधीश अभिषेक गर्ग, आरटीए सुशील कुमार, एएमसी दीपक सूरा, सिविल सर्जन डॉ. रेणू बेरी, जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा भी मौजूद रहे।

### इन शिकायतों पर हुई सुनवाई

मीटिंग के दौरान गांव बिहटा व तेपला से आए पवन कुमार, अश्वनी चौहान तथा इंद्रजीत सिंह व हरभजन सिंह व अन्य ने बताया कि उनके खेतों के पास से बरसाती नदी निकलती है जोकि शामली अंबाला हाईवे बनने से बंद हो गई है। अब इसका पानी हमारे खेतों में भर जाता है। इस मामले में एनएचएआई के अधिकारी ने कैबिनेट मंत्री को अवगत करवाया कि इस समस्या के समाधान के लिए पुलिया व पाईप डालने का काम किया जाएगा। विभाग को एस्टीमेट तैयार करके अप्रूवल के लिए भेजा गया है। इसी प्रकार गांव बिहटा के पवन कुमार ने गांव में बरसाती पानी की निकासी की समस्या रखी। इस मामले में बीडीपीओ ने बताया कि पानी निकासी के तहत यहां पर नाले की सफाई करवा दी गई है। कैबिनेट मंत्री ने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वह गांव का जो जोहड़ है उसकी भी एक सप्ताह के अंदर-अंदर सफाई करवाना सुनिश्चित करवाएं। गांव नन्हेड़ा के बीरू राम ने ने बताया कि उसका गांव में मकान है। पिछले कई वर्षों से उसका उक्त जगह पर कब्जा भी है। उसने बताया कि नगर परिषद् द्वारा उसकी प्रोपर्टी आईडी में से उसका नाम हटा दिया गया है। इस मामले में ईओ नगर परिषद ने बताया कि उक्त जगह एक्साईज एरिया के तहत आती है। यह जमीन प्रदेश सरकार की है। हालांकि शिकायतकर्ता जमीन से जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। मंत्री ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद निर्देश दिए कि जिस व्यक्ति का नाम यदि प्रोपर्टी आईडी में गल्त तरीके से दर्ज है उसे वहां से हटवाएं।

### समस्या के समाधान के निर्देश

अंबाला शहर जगाधरी गेट के सौरभ गंभीर ने बताया कि उनकी वर्ष 1965 से जगाधरी गेट के पास दुकान है। जो 2019 में उनके दादा के नाम रजिस्टर्ड कर दी गई थी। इस शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि वह प्रार्थी को अपने कार्यालय में बुलाकर दस्तावेजों के साथ उसकी शिकायत को सुनें। इसी प्रकार पंचकूला के कृष्ण कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके बुजुर्गों द्वारा पालिका विहार अंबाला शहर में 3 कनाल 9 मरले जगह वर्ष 1946 में रजिस्टरी करवाकर उन्हें दी गई थी। इस समस्या पर मंत्री ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह के अंदर-अंदर प्रार्थी की समस्या को सुनकर उसका समाधान करवाएं। पंचकूला के ही राजबीर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी गांव कोहड़ा-भूरा में कृषि भूमि है। उसके साथ एक बरसाती नाला चल रहा है। उस नाले के चलते उसे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता, नायब तहसीलदार, बीडीपीओ और कमेटी के एक सदस्य को नियुक्त करते हुए उक्त जगह का मुआयना करने के साथ ही समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए।

### स्वच्छ पेयजल के लिए पानी में क्लोरीन भी डाली जाए

इसी प्रकार गांव गदौली के सुखबीर सिंह की शिकायत को भी कैबिनेट मंत्री ने विस्तार से सुनते हुए दोबारा से इस मामले में पहले से जो कमेटी गठित की गई थी उसे बरकरार रखते हुए उसमें पूर्व विधायक डा. पवन सैनी को भी शामिल करते हुए मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत राजोखेडी की सरपंच राजिंद्र कौर व अन्य द्वारा पेयजल व्यवस्था के लिए नई पाईप लाईन बिछाने बारे अपनी शिकायत रखी। इस मामले में कार्यकारी अभियंता ने बताया कि नई पाईप लाईन बिछ्वाने बारे एस्टीमेट तैयार करके मुख्यालय भिजवा दिया गया है। जैसे ही कार्य के लिए अप्रूवल मिलती है नई पाईप लाईन बिछाने का कार्य तुरंत करवा दिया जाएगा। बेदी ने जन स्वास्थ्य विभाग से आए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी जगहों पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए और साथ ही स्वच्छ पेयजल के लिए पानी में क्लोरीन भी डाली जाए। इसी तरह गदौली के कुलदीप सिंह व अन्य ने उनके गांव में सिंचाई विभाग द्वारा बनाए जा रहे पुल के निर्माण कार्य के साथ जो स्टोन पिंचिग का कार्य किया जा रहा है उस पर सवाल उठाए। कैबिनेट मंत्री ने शिकायत की सुनवाई के लिए एक कमेटी का गठन किया है।

# 6 साल से लापता बुजुर्ग बरामद

- साइबर सेल पुलिस ने तकनीकी संसाधानों का इस्तेमाल कर बुजुर्ग को तलाशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

छह साल से लापता एक बुजुर्ग को पुलिस ने तलाश लिया। अब बुजुर्ग को उसके परिवार के हवाले कर दिया गया। मुखिया के घर लौटने पर परिवार और पूरे पड़ोस में खुशी का माहौल है। प्रबंधक थाना सेक्टर 9 निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि गांव कांवला के पास जग्गी कॉलोनी के रहने वाले बुजुर्ग अजमीत सिंह रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त हैं। रिटायर्ड होने के करीब एक साल बाद, मानसिक अस्वस्थता परेशानी के चलते वे अचानक घर से कहीं लापता हो गए थे।



**अंबाला।** छह साल से लापता बुजुर्ग पुलिस के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### खुशी से परिवार की आंखें नम

सेक्टर नौ पुलिस ने बेहद संजीदगी से लापता बुजुर्ग को तलाशने का अभियान शुरू किया। साइबर सैल की मदद ली गई। सटीक इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने कुछ ही दिनों में आखिरकार बुजुर्ग अजमीत सिंह को हरिद्वार से सकुशल बरामद कर लिया। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बुजुर्ग को उनके परिवार को सकुशल सौंप दिया गया है। पूछताछ में बुजुर्ग ने बताया कि दिमागी परेशानी के कारण वे घर से चले गए थे। 6 साल के लंबे इंतजार के बाद जब बुजुर्ग अजमीत सिंह अपने घर पहुंचे, तो पूरे परिवार की आंखें नम हो गईं।

# 'शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास'

- नई शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पतरेड़ी में आयोजित की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

नई शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पतरेड़ी में मसखरे रंगमंच के तत्वावधान में रंगमंच कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी एवं रंगमंच प्रशिक्षक नागेंद्र कुमार शर्मा ने किया। इसमें विद्यालय के सौ से अधिक विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान नागेंद्र कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को रंगमंच की मूल अवधारणा, उसके उद्देश्य तथा समाज एवं शिक्षा में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, संवेदनशीलता, संवाद-कौशल और सामाजिक चेतना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने नई शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में रंगमंच की उपयोगिता पर प्रकाश डालते कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तक ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है, और इस उद्देश्य की पूर्ति में रंगमंच अत्यंत प्रभावी भूमिका निभाता है।



**शहजादपुर।** कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

### आभार जताया

विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा कौशिक ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 में अनुभवात्मक एवं गतिविधि आधारित शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है। इस प्रकार की रंगमंच कार्यशालाएं विद्यार्थियों के बौद्धिक, मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने मसखरे रंगमंच एवं नागेंद्र कुमार द्वारा छात्रों को सरल, रोचक एवं व्यवहारिक ढंग से रंगमंच की शिक्षा देने की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। नागेंद्र कुमार एवं मसखरे रंगमंच का विद्यालय की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# परिवार व समाज को जागरूक करने का आह्वान

- एसआईआर अभियान के अंतर्गत शहर के डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

लोकतंत्र की मजबूती और मतदाता जागरूकता को समर्पित एसआईआर अभियान के अंतर्गत अंबाला शहर के डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के अधिकार, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रार्थना सभा में हुआ, जहां विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मतदान के महत्व, प्रत्येक मत के मूल्य तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने में नागरिकों की भूमिका पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें तथा अपने परिवार एवं समाज को भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदान के प्रति जागरूक करें।



**अंबाला।** छात्रों को जागरूक करते प्रिंसिपल। *फोटो : हरिभूमि*

### 500 ने लिया भाग

अभियान के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। मतदान जागरूकता, लोकतंत्र की शक्ति और जिम्मेदार नागरिकता जैसे विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक पोस्टर और प्रभावशाली स्लोगन सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय के लगभग 500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर यह संदेश दिया कि /"मजबूत लोकतंत्र की पहचान – जागरूक मतदाता और शत-प्रतिशत मतदान/"।

# मुख्य आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

- गाड़ी दिलवाने के नाम पर 21 लाख रुपये की ठगी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

आर्थिक अपराध शाखा को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने कम दाम में गाड़ी दिलवाने का झांसा देकर 21 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में मुख्य आरोपी को मालेगांव, महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आर्थिक अपराध शाखा के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता देवी दयाल ने 16 जून 2026 को एक शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार 04 मई 2026 से 16 जून 2026 के बीच आरोपी जाहिर इब्राहिम शेख व उसके अन्य साथियों ने शिकायतकर्ता को गाड़ी दिलवाने का झांसा दिया था। आरोपी पीड़ित के पास गाड़ी लेकर आए, उससे 21 लाख रुपये नकद लिए और फिर उसी गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद आरोपियों ने न तो पीड़ित को गाड़ी सौंपी और न ही उसके पैसे वापस किए।



**अंबाला।** पकड़ा गया आरोपी पुलिस हिरासत में। *फोटो : हरिभूमि*

### आरोपी रिमांड पर

मामले की गंभीरता को देखते हुए आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने तुरंत तकनीकी साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर जाल बिछाया। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को मालेगांव (महाराष्ट्र) से धर दबोचा। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश दिए हैं। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ करेगी ताकि मामले में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों के ठिकानों का पता लगाकर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पीड़ित से धोखे से हड़पी गई 21 लाख रुपये की मोटी रकम बरामद की जा सके।

## अंबाला सर्कल सैनी सभा के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज, नए सिरे से रजिस्टर्ड होगी सभा



प्रधान देवेंद्र सैनी।

**अंबाला।** अंबाला सर्कल सैनी सभा के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज ने खारिज कर दिया है। सोसायटीज की ओर से केवल सभा को दोबारा रजिस्टर्ड करवाने के आदेश जारी किए गए हैं। दरअसल अंबाला सर्कल सैनी सभा के सदस्य बलबीर सिंह ने सभा की गर्वनिंग बॉडी के चुनाव को गैरकानूनी बताते हुए चुनौती दी थी। उनका आरोप था कि सभा की ओर से बॉडी का चुनाव गैरकानूनी तरीके से किया गया है। चुनाव के लिए डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार से न तो अनुमति ली गई न ही कोई नोटिस जारी किया गया था। बलबीर सिंह का यह भी आरोप था कि गर्वनिंग बॉडी ने चुनाव प्रक्रिया की सही ढंग से पालना नहीं की न ही सभा को नए एक्ट के तहत रजिस्टर्ड करवाया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## समस्या | बारिश की वजह से बरसाती नदियों का जलस्तर बढ़ा, जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर

# पहाड़ों पर बरसात के बाद नदियों के जलस्तर में उफान

- ग्रामीणों से नदियों के आसपास न जाने की सलाह, नदी किनारे बसे गांवों में मुनियादी करवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में निरंतर हो रही बरसात से यहां की बरसाती नदियों में भी अचानक जलस्तर बढ़ने से प्रशासन अलर्ट हो गया है। यहां से गुजरने वाली इन नदियों में अचानक पानी आने से एसडीएम शिवजीत भारती ने सभी संबंधित विभागों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग पूरी तरह से सतर्क रहे तथा नागरिक भी पूरी सावधानी बरतें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। खासकर बेगना नदी, मारकंडा, रूण तथा अन्य नदियों में भी बारिश के दौरान तेज जलप्रवाह आता है। नदी एवं नाले पूरे उफान पर बहते है। उन्होंने ऐसे में क्षेत्रवासियों, विशेषकर नदी किनारे बसे गांवों के लोगों से अपील की कि वे बारिश के दौरान नदियों, नालों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के आसपास जाने से बचें तथा बच्चों को भी वहां न जाने दें। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों, ग्राम सचिवों, पटवारियों, सरपंचों और नंबरदारों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नदियों के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखें, ग्रामीणों को समय-समय पर सचेत करें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन तक पहुंचाएं। बेगना, मारकंडा और रूण नदी आदि नदियों एवं बरसाती नालों से जुड़े गांवों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।



**शहजादपुर।** बरसाती नदी में बढ़ते जलस्तर का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

### नियम अपनाएं

एसडीएम ने कहा कि बारिश के दौरान हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों से प्राकृतिक रूप से बड़ी मात्रा में पानी नदियों में आता है जिससे जलस्तर अचानक बढ़ जाता है। इसलिए सभी नागरिक प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

### पुराने स्कूल भवनों की नियमित निगरानी करें

एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सडक़ों, पुलों और सार्वजनिक भवनों की लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं ताकि कहीं भी भूमि कटाव, पुलों को नुकसान अथवा अन्य खतरे की स्थिति बनने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा सके। खंड शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि पुराने विद्यालय भवनों की नियमित निगरानी करें तथा विद्यार्थियों को ऐसे कमरों और भवनों के आसपास न जाने दें, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। इसके अलावा बिजली निगम के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति सुचारु बनाए रखने, ढीले एवं क्षतिग्रस्त बिजली तारों की तत्काल मरम्मत करने तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।